राज्यपाल ने नव संवत्सर चैत्र नवरात्रि गुड़ी पड़वा एवं चेट्रीचण्ड पर्व पर दी शुभकामनाएं

रायपुर25 मार्च। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने नव संवत्सर चैत्र नवरात्रिए गुड़ी पड़वाए उगादी एवं चेट्रीचण्ड के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कामना की है कि शक्ति उपासना का यह पावन पर्व प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए मंगलमय होगा और सुखण्समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आएगा। उन्होंने देशण्प्रदेश को कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित रखने की भी कामना की है।

कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए नवरात्रि में अपने घरों में ही रहकर करें आराधना- भूपेश बघेल

रायपुर25 मार्च। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों की सुखण्समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। श्री बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि चैत्र नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है। जिसे छत्तीसगढ़ में भी बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए इस नवरात्रि के दौरान सभी अपने घरों में ही रहकर आराधना करें। इससे इस संक्रामक बीमारी के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी।

लॉकडाउन में खुले 5 दुकानों को तहसीलदार ने किया सील,जुर्माना भी लगाया

रायपुर, 25 मार्च । प्रदेश में 31 मार्च तक जारी लॉकडाउन के बाद भी तिल्दा तहसीलदार की मौजूदगी में पुलिस ने पांच दुकानों को सील किया है। इनता ही नहीं सभी दुकानदारों पर जुर्माना भी किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि शासन के आगामी आदेश तक अपनी दुकानें बंद ही रखें।गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 31 मार्च तक शहरों को लॉकडाउन किया है। लोगों को घर के भीतर ही रहने की अपील की है। केवल आवश्यक सेवाएं ही इस दौरान जारी रहेगी। इन सेवाओं में किराना स्टोर्स, मेडिकल और फ्ल दुकाने खुले रहेंगे। इनता ही नहीं सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

डायल-112 के ईआरव्ही एवं कंट्रोल रूम के वाहनों में सेनेटाईजर रखने के निर्देश

रायपुर, 25 मार्च । कोरोना वायरस से बचने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को परिपत्र जारी कर डायल-112 के ई.आर.व्ही. एवं कंट्रोल रूम के वाहनों में सेनेटाईजर रखने के निर्देश दिए गए है। पुलिस मुख्यालय से आज जारी आदेश में कहा गया है कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही सहित जिलों में डायल-112 के 240 वाहन संचालित है। इन वाहनों द्वारा दुर्घटनाग्रस्त घायलों एवं अन्य लोगों की लगातार सहायता की जा रही है। इसी तरह जिलों में कंट्रोल रूम के वाहन या थानों के वाहन द्वारा लोगों की सहायता की जा रही है। ड्यूटी के दौरान अन्य व्यक्तियों के सम्पर्क में आना स्वाभाविक है। इन वाहनों के पुलिसकर्मी अपनी सुरक्षा के लिए सेनेटाईजर का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। दूसरों की सहायता करने वाले पुलिसकर्मी मास्क एवं ग्लाउज अवश्य पहनें। पुलिस अधीक्षकों को इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य की पुनरीक्षित दरें अब एक मई से होंगी लागू

रायपुर, 25 मार्च । कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के विस्तार की रोकथाम के उपायों के तहत वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग ने छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य की पुनरीक्षित दरें जो एक अप्रैल से लागू होती है, उसे बढ़ाकर अब एक मई कर दिया गया है। पंजीयन कार्यालयों में मार्च के माह में होने वाली भीड़ की समस्या को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2000 के तहत प्रतिवर्ष एक अप्रैल को जारी किये जाने वाले गाईड-लाईन दरों के प्रभावशीलता तिथि में वर्ष 2020-21 के लिए एक माह की वृद्धि की गई है। वर्ष 2020-21 के लिए बाजार मूल्य की पुनरीक्षित दरें एक मई 2020 से प्रभावशील होंगी। इस संबध में सचिव वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों और जिला पंजीयकों को पत्र जारी करते हुए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

अलग-अलग थाना क्षेत्र से 30 हजार 1 सौ रुपये की राशि जुआरियों से हुई जब्त

रायपुर, 25 मार्च । लॉकडाउन होने के बाद भी 52 पत्ती खेलने वालों की गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई है। धरसींवा थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार आयु 32 वर्ष पिता कुमार पटेल निवासी सांकरा एवं उनके साथियों से 13 हजार 7 सौ रुपये की राशि जुआ खेलते जब्त हुई है। इसी प्रकार धरसींवा थाना क्षेत्र से ही मिली जानकारी के अनुसार हरीश साहू आयु 25 वर्ष पिता रामधीन से जुआ खेलते हुए 13 हजार पांच सौ रुपये की राशि जब्त हुई है। आरंग थाने से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र कन्नौजे आयु 45 वर्ष पिता स्व. रामसहाय कन्नौजे राशि जब्त की गई है।

कोरोना वायरस से बचाव की लड़ाई में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका - भूपेश बघेल

- मुख्यमंत्री ने कहा . महिलाओं के सहयोग से करेंगे हम कोरोना को छत्तीसगढ़ में परास्त
- अप्रैल और मई माह का राशन मिलेगा एक मुश्त
- अवकाश अवधि में बच्चों को घर पहुंचाकर दी जाएगी मध्यान्ह भोजन की सामग्री
- लॉक डाउन में भी सुरक्षित रहेगी नौकरी

रायपुर 25 मार्च। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कोरोना वायरस से बचाव की लड़ाई में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस लड़ाई में सहयोग के लिए महिलाओं की विशेष रूप से सराहना की और आगे भी महिलाओं से सहयोग का आव्हान किया है। बघेल ने अपनी अपील में कहा है कि कोरोना वायरस से बचाव की लड़ाई में हर कोई अपना योगदान दे रहा है पर इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं हमारे राज्य की महिलाएं। आज मैं विशेष तौर पर महिलाओं का धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूँ। मुख्यमंत्री बघेल ने अपील में कहा है कि छत्तीसगढ़ में घरों से लेकर खेत.खलिहान तक्ए आंगनबाड़ी से लेकर कुटीर उद्योगों तक और शिक्षण संस्थानों से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक माँ के रूप मेंए पत्नी के रूप मेंए बहन के रूप में इस कोरोना वायरस से बचाव और इसके फैलाव को रोकने में आपकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। बघेल ने महिलाओं से कहा है कि मेरा आपसे आग्रह है कि आप स्वयं घरों में रहेए अपने बच्चों और परिवारजनों को घर में रहने के लिए प्रेरित करें। घर में ही रहकर आप कोरोना वायरस से बचाव के लिए राज्य सरकार ने जो उपाय बताएए उनका पालन खुद भी करें और सम्पूर्ण परिवार को भी करायें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लॉक डाउन के दौरान आपको राशन आदि की परेशानी न होए इसके लिए भी हमने कदम उठाए हैं। हमने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशनकार्ड धारकों को अप्रैल एवं मई माह 2020 का चावल का एकमुश्त वितरण करने का निर्णय लिया है। यही नहीं हमने अवकाश अवधि में स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में मध्यान्ह भोजन हेतु 40 दिन का सूखा दाल और चावल बच्चों के पालकों को स्कूल से प्रदाय किया जाएगा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए टेक होम राशन वितरण के निर्देश दिए गए हैं। लॉक डाउन की अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के सामान्यए मध्यम और गंभीर कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 125 ग्राम रेडी.टू.ईट प्रतिदिन के मान से 750 ग्राम टेक होम राशन ;रेडी टू ईटद्ध का अनिवार्य रूप से वितरण के निर्देश दिए हैं। शेष हितग्राहियों को भी पात्रता अनुसार रेडी.टू.ईट का वितरण यथावत जारी रहेगा।

बघेल ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं राज्य की सभी महिलाओं को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि अगर वे कहीं रोजगार या नौकरी कर रही हैं तो लॉक डाउन की वजह से उनका रोजगार या नौकरी नहीं जायेगी। हमने उनके नियोक्ताओ को भी इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं।आपके स्वास्थ्य की भी हम चिंता कर रहे हैं। डॉण् खूबचंद बघेल स्वास्थ योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत मुश्किल की घड़ी आने पर हम आपकी मदद के लिये तैयार हैं।

उन्होंने अपनी अपील में कहा कि मैं एक बार फिर परिवार और छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति आपके समर्पण और त्याग की सराहना करता हूँ और फिर ताकीद करता हूँ कि आपके सहयोग से ही हम कोरोना को छत्तीसगढ़ में परास्त करेंगे।

गृह मंत्री ने पुणे में फंसे छत्तीसगढ़ के जवानों से फोन पर की बात

छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुणे में ट्रेनिंग करने गए छत्तीसगढ़ के जवानों के प्रभारी लीलेश्वर राजपूत से बात की और उन्हें यथाशीघ्र वापस लाने के लिए आश्वस्त किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ नगर सेना अग्निशमन के 64 जवान एडवांस रेस्क्यू एण्ड एकेडमी पुणे ;महाराष्ट्रद्ध में प्रशिक्षण पर गए हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते यह प्रशिक्षण रद्द कर दिया गया है। गृह मंत्री की पहल पर पुणे के प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने जवानों से बात की और उनकी पूरी सहायता करने की बात कही है।

स्वास्थ्य सचिव ने सभी कलेक्टरों पुलिस अधीक्षकों और सीएमएचओ के साथ कोविड.19 के नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की।

पहली बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई भूपेश केबिनेट की बैठक

रायपुर 25 मार्च। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद की बैठक पहली बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के उपायों के तहत छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों के निवास कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास कार्यालय को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष रूप से जोड़ा गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीण्एसण् सिंहदेव मुम्बई से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल हुए।

राज्यपाल ने नव संवत्सर चैत्र नवरात्राए गुड़ी पड़वा एवं चेट्रीचण्ड पर्व पर दी शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सु अनुसुईया उइके ने नव संवत्सरए चैत्र नवरात्राए गुड़ी पड़वा उगादी एवं चेट्रीचण्ड के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कामना की है कि शक्ति उपासना का यह पावन पर्व प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए मंगलमय होगा और सुख.समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आएगा। उन्होंने देश.प्रदेश को कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित रखने की भी कामना की है।

भूपेश सरकार ने इन सेवाओं को कर दिया आवश्यक घोषित

रायपुर 25 मार्च। कोरोना वायरस ;कोविड.19द्ध के संक्रमण के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के तहत छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओंए धान की मिलिंगए डीजल.पेट्रोलए एलपीजी सहित कई सेवाओं को आवश्यक सेवा घोषित किया है।

खाद्य विभाग द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत जिन सेवाओं को आवश्यक सेवायें घोषित किया गया है। उनमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं एवं उनके उपार्जन एवं भण्डारण में आवश्यक सामग्रियों जैसे बारदानेए सल्फ्सए कीटनाशकए डनेज आदि के संचालनए भण्डारण और वितरण को इसमें शामिल किया गया है। इसी तरह राज्य सरकार ने खाद्यान्नों तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं की लोडिंग.अनलोडिंगए विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजना के तहत उपार्जित धान की मिलिंग एवं भण्डारण के लिए लोडिंग. अनलोडिंग एवं परिवहन धान की मिलिंग करने वाली राईस मिलेंए अधिसूचित पेट्रोल डीजल सी.एन.जी. पम्पों प्रदाय इकाईयों द्वारा पेट्रोल डीजल सी.एन.जी. प्रदाय एल.पी.जी. घरेलु तथा व्यवसायिक को इसमें शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई सेवा जो संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा आवश्यक घोषित किया जाएगा को इसमें शामिल किया गया है।

कोरोना वायरस से बचने पुलिस मुख्यालय 31 तक बंद रखने के निर्देश

- पुलिस अधिकारी-कर्मचारी घर से ही करें शासकीय कार्य : अवस्थी

रायपुर, 25 मार्च । कोरोना वायरस की संक्रमण की रोकथाम के लिए पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी ने तत्काल प्रभाव से पुलिस मुख्यालय को 31 मार्च तक बंद रखने के निर्देश दिए है। इस अवधि में कोई भी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी बिना डी.जी.पी. की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे और ना ही घर से बाहर जाएंगे। सभी घर मे रहकर ही शासकीय कार्य का सम्पादन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर अधिकारी-कर्मचारी को कार्यालय में उपस्थित होने को निर्देशित किया जा सकता है। डी.जी.पी. ने इस अवधि में मोबाइल चालू रखने के निर्देश दिए हैं। जिन शाखाओं में उपस्थिति अनिवार्य हो वहां कम से कम लोगों की पालियों में ड्यूटी लगाने निर्देशित किया गया है। कार्यालय बुलाये जाने की स्थिति में भीड़-भाड़ से बचकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग नहीं कर स्वयं के साधन से आने को कहा गया है। श्री अवस्थी ने निर्देश दिए हैं कि कार्यालय आने वाले मास्क लगाकर और हाथों को सैनेटाइज कर ही कार्यालय में प्रवेश करें। सम्पूर्ण उपस्थिति अवधि में मास्क लगाए रखने और समय-समय पर हाथों को साबुन-हैंडवॉश-सेनेटाइजर से धोने के निर्देश दिए गए हैं।

क्वारेंटाइन में रह रहे लोगों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

- स्वास्थ्य सचिव ने सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और सीएमएचओ के साथ कोविड-19 के नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की
- वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए चर्चा कर दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर, 25 मार्च । स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर कोविड-19 का संक्रमण रोकने किए गए उपायों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के क्वारेंटाइन सेंटर्स और होम-क्वारेंटाइन में रह लोगों की लगातार निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने क्वारेंटाइन के मानकों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने कहा। स्वास्थ्य सचिव ने सभी जिलों को 3-प्लाई और एन-95 मास्क तथा पी.पी.ई. का जरूरत के मुताबिक ही सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए पर्याप्त संसाधन सुरक्षित रखने कहा। उन्होंने जिले की मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल स्टॉफकी उपलब्धता की समीक्षा कर कोविड-19 का संक्रमण रोकने तथा इलाज की सभी तैयारियां रखने के बारे में भी आवश्यक निर्देश दिए।

श्रीमती सिंह ने कहा कि आई.सी.एम.आर. के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सैंपलों की जांच की व्यवस्था की जा रही हैं। उन्होंने दिशा-निर्देशों के अनुसार सैंपल संकलित करने के साथ ही जिनका सैंपल भेजा जा रहा है, उनके बारे में पूरी जानकारी भी निर्धारित प्रारूप में भेजने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर पूरी सावधानी के साथ सैंपल संकलित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव ने मास्क के उपयोग के बाद मानकों के अनुसार इसका समुचित डिस्पोजल सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में बताया कि कोरोना वायरस का समुदाय में फैलाव रोकने टीम बनाकर व्यापक स्क्रीनिंग की जाएगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अगुवाई में इसके लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, नगरीय प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग और चिप्स के अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम बनाई जाएगी। उन्होंने दूसरे राज्यों की सीमा से सटे जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अंतर्राज्यीय आवाजाही पर खास निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों से लौटकर आ रहे स्थानीय ग्रामीणों की जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्क्रीनिंग कर अमिट स्याही से मार्किंग की जा रही है। उन्हें होम-क्वारेंटाइन में रहने और इसका कड़ाई से पालन करने कहा जा रहा है।

रायपुर शहर चारों दिशाओं से किया गया सील

रायपुर, 25 मार्च । रायपुर में कोरोना का प्रकोप रोकने के लिए राजधानी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद हो चुकी है। शहर के बार्डर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। शहर में किसी को भी प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी जा रही है और न ही शहर से किसी को बाहर जाने दिया जा रहा है।

राजधानी रायपुर की सीमा को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। रायपुर के टाटीबंध चौक, भनपुरी तिराहा, धरसींवा, जीरो प्वाइंट, तेलीबांधा चौराहा, माना बस्ती, टाटीबंध चौक, महादेवघाट, अमलेश्वर चौक, रायपुरा चौक आदि को सील कर दिया गया है। इन मार्गों में किसी भी प्रकार से आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां तक की स्थानीय लोगों को भी आवाजाही की इजाजत नहीं दी जा रही है। इसी तरह बेवजह सड़कों पर घूम रहे लोगों पर भी पुलिस ने अब सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। शहर में आज कई चौराहों पर पुलिस की सख्ती देखने को मिली। पुलिस ने बाइकर्स पर भी सख्ती बरतते हुए सड़क पर घूम रहे लोगों को खदेड़ा गया। शहर में बेवजह दुकान खोलकर बैठे दुकानदारों को भी समझाइश देकर दुकान बंद कराया गया है। केवल राशन, अनाज भंडार, मिल्क पार्लर, दवाई दुकान, मेडिकल स्टोर्स, अस्पताल, नर्सिंग होम आदि को छूट दी गई है।

आगामी 2 - 3 सप्ताह करोना के संकट से निपटने में बेहद महत्वपूर्ण - त्रिवेदी

- करोना महामारी को लेकर राज्य सरकार के फैसलों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया
- गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी है भूपेश बघेल की सरकार

रायपुर, 25 मार्च । करोना महामारी को लेकर राज्य सरकार के फैसलों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भूपेश बघेल की सरकार संकट की इस घड़ी में गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी है। करोना महामारी के परिणाम स्वरूप जनजीवन और कारोबारियों को होने वाली परेशानी छत्तीसगढ़ सरकार के इन फैसलों से कम हो सकेगी।

मानव समाज के सामने चुनौती बनकर खड़े करोना वायरस की विश्वव्यापी महामारी को लेकर किये जा रहे सरकारी निर्देशों के कड़ाई से पालन और उपायों पर पूरी गंभीरता बरतने का निवेदन करते हुये प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि इस संकट की घड़ी का हम सबको साथ खड़ा होकर मुकाबला करना है।

प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा करोना वायरस से निपटने के लिए उठाए गए उपायों से इस वायरस को फैलने से रोकने में मदद मिली है। वायरस का प्रभाव सबसे पहले उन लोगों में पड़ता है जिनकी इम्यूनिटी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। बच्चे बूढ़े और बीमार लोग सबसे पहले वायरस के चपेट में आते हैं। छत्तीसगढ़ देश के उन पहले राज्यों में था जिन्होंने सबसे पहले 13 मार्च को स्कूल 31 मार्च तक बंद कर दिए। उस समय बहुत से लोग बच्चे पढ़ा हुआ भूल जाएंगे ऐसे बयान देने में लगे थे। बच्चों का अपने दादा दादी नाना नानी अर्थात परिवार के बड़े बूढ़ों के साथ बहुत स्नेह और संपर्क रहता है। स्कूल बंद करने के फैसले के द्वारा बच्चों में फैलाव को रोकने में सफलता मिली है।

प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि देश में जनता कर्फ्यू लगने के 1 दिन पहले से राजधानी रायपुर के पहले कोरोना वायरस प्रभावित मरीज की जानकारी मिलते ही राजधानी रायपुर को बंद किया गया और इसका बहुत सकारात्मक प्रभाव रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने लगातार बैठकें लेकर पत्रकार वार्ताएं करके जागरूकता फैलाने के काम को किया है जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में करोना के फैलाव के शुरुआती प्रभाव से अभी तक हम बचे हुए हैं।

प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि करोना के विश्वव्यापी संकट के शुरू होने के बाद देश और विश्व के अनेक हिस्सों में पढ़ने या काम करने गये छत्तीसगढ़ के लोग वापस आये हैं। यह स्वाभाविक भी है। वापस आये सभी लोगों सहित हम सबका एक दूसरे से दूरी बनाकर घरों से न निकलने से वायरस की रोकथाम में और पहचान में मदद मिलेगी। आगामी 2 - 3 सप्ताह करोना के संकट से निपटने में बेहद महत्वपूर्ण हैं।